**पाठ-8**

# उत्साह

- भवानीप्रसाद मिश्र

**आइए सीखें**

**◆ विषम परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा ◆ तत्सम शब्दों की समझ ◆ मुहावरों का वाक्य प्रयोग, प्रेरणा-गीत गाने की रुचि जागृत करना।**

चलते चलो और चलते चलो
लहरों में, लपटों में पलते चलो।
फिसड्डी रहे और जीते रहे,
किसी का दिया दूध पीते रहे,
तो इससे बुरी जिंदगी कौन-सी?
बड़ी और शर्मिंदगी कौन-सी?
ये आराम छोड़ो, उबलते चलो,
लहरों में, लपटों में पलते चलो।
भला यात्रा का महूरत भी है,
कहीं बैठ रहने की सूरत भी है,
निकलता चला जा रहा है समय,
महूरत न सोचो मचलते चलो।
लहरों में, लपटों में पलते चलो।
कभी तुम शेर थे, ठीक है,
उसी ख्याल में डूबना लीक है,
जमाना कहाँ से कहाँ जा चुका,
जरा भाग अपना बदलते चलो।
लहरों में, लपटों में पलते चलो।



**शिक्षण संकेत**

**◆ कविता को ओज और लय के साथ छात्रों से दोहरवाएँ ◆ विषम परिस्थितियों में आगे बढ़ने वाले व्यक्तियों के प्रसंग/कहानी सुनाकर प्रेरित करें ◆ आगत शब्दों के सही उच्चारण कराएँ।**

**शब्दार्थ**

**लहरों में**=जीवन के उतार चढ़ाव में। **लपटों में**=जीवन में आने वाले कष्टों की ज्वालाओं में। **फिसड्डी**=पीछे रहने वाले। **किसी का दिया दूध पीते रहे**=दी हुई सहायता या कर्ज से पलते रहे। **शर्मिंदगी**=शर्म की बात। **उबलते चलो**=उत्साह या जोश पूर्वक चलते चलो। **महूरत**=शुभ-समय। **बैठ रहने की सूरत**=रुककर बैठे रह जाने की स्थिति या काम बन्द कर देने की दशा। **मचलते चलो**=जिद करके अपनी धुन में बढ़े चलो। **बड़े शेर**=बहुत शक्तिशाली। **ख्याल में डूबना**=विचारों में खो जाना। **लीक**=परम्परा। **भाग**=भाग्य।

## *अनुभव विस्तार*

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **( क ) सही जोड़ी बनाइए—**

- बुरी - महूरत
- बड़ी - शेर
- बड़े - जिंदगी
- यात्रा - शर्मिंदगी

**( ख ) दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

- फिसड्डी रहे और जीते रहे। किसी का दिया..... पीते रहे॥ (दूध/पानी)
- भला यात्रा का .......... भी है। (जरूरत/महूरत)
- कभी तुम बड़े ........... ये ठीक है, (शेर/सियार)
- ज़रा .......... अपना बदलते चलो। (मार्ग/भाग)

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए—**

(क) इस कविता में फिसड्डी रहने का क्या अर्थ है?

(ख) कवि के अनुसार उत्साह की आवश्यकता क्यों है?

(ग) दूसरों के सहारे जीने का भाव कविता की कौन-सी पंक्ति में आया है?

(घ) हमें मुहूर्त की प्रतीक्षा में रुककर क्यों नहीं बैठना चाहिए?

(ङ) क्या अपने अतीत पर अभिमान करते रहना उचित है?

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कम-से-कम तीन वाक्यों में लिखिए—**

(क) व्यक्ति को जीवन में सफल होने के लिए क्या आवश्यक है?

(ख) कवि के अनुसार बुरी जिन्दगी कौन-सी है?

(ग) शर्मिंदगी से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(घ) हम 'बड़े शेर' कब थे और कैसे?

(ङ) उत्साह कविता का मूल-भाव क्या है? संक्षेप में लिखिए।

## भाषा की बात

**4. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए—**

शर्मिंदगी, जिंदगी, यात्रा, ज़माना

**5. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों को गोला लगाइए—**

फिसड्डी, फसड्डी, फिसीड्डी

खियाल, ख्याल, खयाल

सर्मिन्दगी, शर्मिंदगी, शर्मंदगी

**6. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए—**

महूरत, दूध, जात्रा, भाग

**7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

फिसड्डी रहना, किसी का दिया दूध पीना, मुहूर्त सोचना, बड़े शेर होना, ख्यालों में डूबना।

## *अब करने की बारी*

- इस कविता की पंक्तियों के अन्त में आए 'तुकान्त शब्दों' को प्रयोग करते हुए लगभग आठ पंक्तियाँ लिखिए जो इस कविता की पंक्तियों से भिन्न हों।
- प्रेरणा-गीतों और प्रयाण गीतों का संग्रह कीजिए।
- इस गीत को पढ़ने से आपके आचरण में क्या प्रभाव पड़ा, लिखिए।

❑❑

# विविध प्रश्नावली-1

**प्रश्न-1 सही जोड़ी बनाइए—**

- अमृत - क्षमता
- मनुष्य - महल
- कार्य - घट
- राज - समाज

**प्रश्न-2 उपयुक्त शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

**अ.** जिन-जिन भूखों की .......... दीनू ने बुझाई है, उनकी दुआएँ भी वह राजकुमार के लिए लाया है। (भूख/प्यास)

**ब.** दुश्मन का मुख .............. करता, जन-जन की पीड़ा को हरता। (काला/पीला)

**स.** यदि एक तिहाई उम्र बिना कुछ .............. गुजर भी जाए तो क्या फर्क पड़ेगा। (देखे/सोचे)

**द.** चक्रवात .................... दबाव में आकस्मिक परिवर्तन के कारण होता है। (वायुमण्डलीय/जैव मण्डलीय)

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए—**

अ. सिक्के की विश्वसनीयता और पहचान के लिए प्राचीन काल से राजा लोग क्या करते आए हैं।

ब. 'महूरत न सोचो, मचलते चलो' में 'मचलते चलो' का अर्थ क्या है?

स. बाढ़ों के लिए कौन जिम्मेदार है?

द. दीनू ने क्या सोचकर भिखारी को रोटियाँ दीं?

इ. कर्मों के संकीर्तन में सबसे ऊँचा स्वर किसका है?

**प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से पाँच वाक्यों में लिखिए—**

अ. मनुष्य समाज के उन्नतिशील होने के कारण लिखिए।

ब. अविचल खड़ा हिमालय कौन-कौन से दायित्व निभा रहा है।

स. 'बहुमत के आधार पर दाँत सर्वोपरि है' सिद्ध करो।

द. जल के बहाव को कम करने के लिए कौन-कौन से उपाय किए जाते हैं?

इ. आर्थिक उन्नति में सिक्के की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

स्वतंत्रता, बहुमत, हानि, दुश्मन, गरीब, उन्नति, ऊँचा, यश, उपेक्षा, आवश्यक, समर्थ

**प्रश्न-6 निम्नलिखित तत्सम्, दत्भव और आगत शब्दों को छाँटकर लिखिए—**

प्यासा, जन, धड़ा, रास्ता, काम, जरूरत, कोशिश, प्रयत्न, जड़ा, मुकाबला, मुस्कान, आँख, खिसकाना, किटकिट, गड़गड़ाहट, टकसाल, सिक्का, मुद्रा, बैंक, पेंसिल, अयस्क, दुआएँ, शताब्दी, जहान।

**प्रश्न-7 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए—**

पथ, पग, शरीर, चेष्टा, हलचल, परहित, पीड़ा

**प्रश्न-8 निम्नलिखित अवतरण में से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्द छाँटिए—**

उसके झोले में तीन रोटियाँ ही बची थीं। कुछ दूर चलने पर उसे एक गाय मिली। एक बछड़ा भी साथ था जो लगातार गौ के थन खींच रहा था। उनमें दूध नहीं था। दीनू गाय को हमेशा ही श्रद्धा से गो-माता के रूप में देखता था। उसने गो-माता को नमस्कार किया। एक रोटी उसे खिला दी। एक रोटी बछड़े को भी दे दी। सोचा-एक रोटी है मेरे पास। कौन ये मेरी रोटी खा ही लेंगे। उपहार के लिए एक ही रोटी काफी है।

**प्रश्न-9 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

आँख फेरना, बन्दर धुड़की देना, मुँह में अँगुली दबाना, दाँत किट किटाना, जेब गर्म होना, हाथों-हाथ उठाना, फिसड्डी होना, खिल उठना।

**प्रश्न-10 निम्नलिखित शब्दों में ग्रस्त, हीन और रहित शब्द जोड़कर नए सार्थक शब्द बनाइए—**

बुद्धि, भेद-भाव, स्वार्थ, पंख, विचार, मर्यादा, अंग, रोग, शोक, मोह, लकवा, शर्म।

**प्रश्न-11 निम्नलिखित अवतरण में संयुक्त क्रियाओं को रेखांकित कीजिए—**

मेरे सर्वेक्षण में आँखों को इतना महत्व नहीं दिया जा सकता। आँखें सिर्फ देखने के काम आती हैं। मैंने दो-तिहाई उम्र इनसे काम ले लिया और इनसे जो-जो चीजें या हालात देखे, उन्हें देखकर इस निर्णय पर पहुँचा हूँ कि अब और कुछ देखने को जी नहीं चाहता।

**प्रश्न-12 निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए कहानी लिखिए—**

बालक हलवाई की दुकान पर है। ललचाई आँखों से जलेबी को देखता है। कमीज-पेण्ट की जेबों में हाथ डालता है। कुछ भी न होने का भाव प्रकट करता है। हताश लौटने लगता है। हलवाई उसे जलेबियाँ देता है। बालक मुफ्त की चीज नहीं लूँगा। हलवाई मेहनत कर खाना अच्छी बात है। बालक-कमाकर लाऊँगा, तब खाऊँगा।

**प्रश्न-13 निम्नलिखित अवतरण में विराम लगाइए—**

मैं जानता हूँ सभी बातें झटपट सिखाते नहीं बनती फिर भी हो सके तो उसके मन में जगाइए पसीना बहाकर कमाया हुआ एक पैसा भी फोकट में मिले खजाने से ज्यादा मूल्यवान है सिखाइए उसे कैसे झेलते हैं हार और सिखाकर जीत की खुशी में संयम बरतना अगर आपमें सामर्थ्य हो तो सिखाइए उसे ईर्ष्या द्वेष से दूर रहना

**प्रश्न-14 निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर वर्षाऋतु पर निबंध लिखिए—**

ऋतुएँ किने प्रकार की होती हैं। ग्रीष्मकाल के बाद किस ऋतु का आगमन होता है। बादलों के बनने की प्रक्रिया क्या है। हिन्द महासागर तथा अरब सागर से उठने वाले बहाव किस दिशा में जाते हैं। मानसून से क्या आशय है। भारत वर्ष में मानसून की वर्षा का समय जुलाई से सितम्बर तक का है। वर्षा पर भारत वर्ष में कृषि की निर्भरता का उल्लेख कीजिए। यदि वर्णन हो तो देश की अर्थव्यवथा पर क्या प्रभाव पड़ता है।

**प्रश्न-15 पत्र-लेखन।**

अपने मित्र को पत्र लिखिए जिससे उसे पर्वतों की रानी पचमंढ़ी घूमने का निमंत्रण दीजिए।

❑❑